तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 27.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 जुलाई 2024


तेंदुए के हमले का शिकार हुए 5 साल के बच्चे की सेहत में हो रहा सुधार 14


शिविर में हर समस्या का हो रहा है समाधान 14

## खबर संक्षेप

### देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव क्षेत्र से सीआईए वन ने अवैध देसी पिस्तौल व पांच जिंदा रौंद रखने के मामले में आरोपी विशाल को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपी को 2 दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है। वह किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। तब पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर ही उसके कब्जे से हथियार जब्त किया।

### चाकू सहित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से अवैध चाकू रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार उर्फ गोलू को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है। वह किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान ही पुलिस को आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार मिला। महेशनगर में उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** अंबाला-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर पांसरा फाटक के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त के लिए पूछताछ की। मगर देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

# सीएम फ्लाइंग ने कृषि विभाग के उपनिदेशक कार्यालय में मारा छापा

## टीम ने यूरिया खाद के सैंपल लेने में की गई गड़बड़ी का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने शुक्रवार को जिले के कृषि विभाग के उपनिदेशक कार्यालय में छापामारी की। इस दौरान टीम ने यूरिया खाद के सैंपल लेने में की गई गड़बड़ी का खुलासा किया। जांच में सामने आया कि कृषि विभाग के अधिकारियों ने टेक्निकल ग्रेड यूरिया के जो सैंपल जनवरी माह में लिए थे। वह ठीक से नहीं लिए गए।

- विभाग के अधिकारियों ने यूरिया तस्करी करने वालों को फायदा पहुंचाने के लिए सैंपल जांच के लिए गलत लैब में भेजा

विभाग के अधिकारियों ने यूरिया तस्करी करने वालों को फायदा पहुंचाने के लिए सैंपल जांच के लिए गलत लैब में भेज दिए। जिसका फायदा यूरिया की तस्करी करने वालों को मिला। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा के नेतृत्व में कृषि विभाग के उपनिदेशक कार्यालय में पहुंची। टीम के पहुंचते ही यहां काम करने वाले स्टाफ के होश उड़ गए।

दिनेश शर्मा ने बताया कि जनवरी माह में तत्कालीन कृषि विभाग के उपनिदेशक आत्माराम गोदारा ने कुछ फैक्ट्री से टेक्निकल ग्रेड यूरिया खाद के सैंपल लिए थे। वह सैंपल जांच के लिए फरीदाबाद लैब में भेजे गए। परंतु लैब से इन सैंपल को यह कह कर वापस भेज दिया गया कि इन्हें दूसरी लैब में भेजा जाना था। इसके बाद सैंपल करनाल भेजे गए। करनाल लैब से उन्हें यह कह कर वापस भेजा दिया गया कि सैंपल ठीक से नहीं लिया गया। तब से यह सैंपल उप निदेशक कार्यालय में ही रखे हुए हैं। जिसका फायदा यूरिया की तस्करी करने वालों को मिला है।


यमुनानगर के कृषि विभाग के उपनिदेशक कार्यालय में जांच करती मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम। फोटो : हरिभूमि

### ग्लू बनाने में होता है यूरिया खाद का प्रयोग

यमुनानगर की प्लाईवुड फैक्ट्रियों में काम आने वाले ग्लू को बनाने के लिए टेक्निकल ग्रेड के यूरिया खाद का इस्तेमाल होता है। लेकिन काला बाजारी के चलते यहां पर किसानों के लिए बेचे जाने वाला यूरिया खाद इन फैक्ट्रियों में बेच दिया जाता है। जोकि टेक्निकल यूरिया खाद के मुकाबले फैक्ट्री संचालकों को सस्ते दाम पर पड़ता है। इसलिए यमुनानगर में यूरिया खाद की कालाबाजारी होती है।

### कृषि विभाग कार्यालय में छापा, कर्मचारियों में हड़कंप

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर-7 स्थित कृषि एवं कल्याण विभाग में शुक्रवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने औचक निरीक्षण किया। इस छापेमारी के दौरान टीम सीएम विंडो सहित अन्य रिकॉर्ड खंगाला। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की इस कार्रवाई के बाद कृषि विभाग कार्यालय के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता को लगातार कृषि विभाग के कार्यालय में अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थी, जिसके बाद यह छापेमारी की गई। छापेमार कार्रवाई से विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। टीम ने पहुंचते ही कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर की जांच की। सुबह करीब 10 बजे सीएम फ्लाइंग की टीम ने विभाग में दस्तक दी और हाजिरी रजिस्टर के साथ योजनाओं का रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिया।

# पहाड़ों में हुई भारी बरसात से मारकंडा नदी का जलस्तर बढ़ा


मुलाना। मारकंडा नदी में जलस्तर का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

पहाड़ी क्षेत्र में हुई बरसात से शुक्रवार को मारकंड़ा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। सुबह होते ही मारकंडा नदी उफान पर थी। नदी में सुबह करीब 10 बजे करीब 23 हजार क्यूसिक पानी था। हालांकि 11 बजे से जलस्तर घटना शुरू हो गया था। 11 बजे मारकंडा नदी का जलस्तर करीब 5.7 फीट था। इसके बाद मारकंडा नदी का जलस्तर लगातार घटता गया। शाम 6 बजे नदी का जलस्तर करीब 3.9 फीट था। जोकि करीब 9 हजार क्यूसिक पानी था। कालाअंब क्षेत्र में भी मारकंडा नदी का जलस्तर जोकि शुक्रवार सुबह उफान पर था। शाम को केवल 1 फीट करीब 1500 क्युसिक पानी रह गया था। मारकंडा नदी का पानी अपने रास्ते से होता गया।

- एसडीओ बोले, नदी किनारे जाने से बचें लोग, बरसाती सीजन में नदियों के जलस्तर में होगी बढ़ोतरी

### पहाड़ों में बारिश की संभावना

मारकंडा नदी में वीरवार को 23 हजार क्युसिक पानी दर्ज हुआ। मानसून सीजन है पहाड़ों में बारिश की संभावना है। लोगों से अपील है कि बेवजह नदी किनारों पर न जाएं। न ही बच्चों को जाने दे। सतर्कता बरतें।
नीतिश चंदेल, एसडीओ, सिचाईं विभाग

# साइबर ठगों ने व्यक्ति से ठगे 40 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने राजीव गार्डन बैंक कॉलोनी निवासी जिले सिंह से 40 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ठगों ने जिले सिंह को फोन करके उसके लड़के का नाम लड़की के साथ गलत काम में आने का डर दिखाकर ठगी की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजीव गार्डन निवासी जिले सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 जुलाई को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। व्यक्ति ने अपने आप को पुलिस कर्मी बताया। आरोपी ने उसे कहा कि उसके लड़के का नाम लड़की के साथ गलत काम करने में आया है। यदि वह अपने लड़के को पुलिस केस से बचाना चाहता है तो वह लड़की के साथ समझौता करवा सकता है। जिसके लिए उसे 40 हजार रुपये देने होंगे। जिले सिंह ने बताया कि फोन सुनने के बाद वह डर गया। इसलिए उसने आरोपी की बातों में आकर उसके द्वारा दिए गए अकाउंट नंबर में 40 हजार रुपये गुगल पे कर दिए। इसके बाद उसने इस बारे अपने लड़के से बात की। मगर लड़के से इस प्रकार की किसी भी बात से इनकार कर दिया।

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले कीं जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# हादसे में बाइक सवार टीचर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव सिरसगढ-दोसडक़ा की रहने वाली महिला टीचर की सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई। मृतका के पति विक्रम कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी नीलम रानी संत मोहन सिंह स्कूल में और इंग्लिश की टीचर थी। बीते रोज वह अपनी पत्नी के साथ बाइक पर बराड़ा में सामान लेने जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार से चलती कार ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारी। टक्कर लगते ही विक्रम कुमार और उनकी पत्नी गिर पड़े। मौके पर भीड़ जुटते देख कार चालक वहां से फरार हो गया। घायल दंपति को प्राथमिक उपचार के लिए एमएम अस्पताल मुलाना ले जाया गया। यहां से नीलम रानी को पारस अस्पताल पंचकूला ले जाया जा रहा था। रास्ते में हालत बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में कठिनाई महसूस करने लगी। उन्हें दोबारा एमएम अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


मृतक शिक्षिका नीलम का फाइल फोटो

- कार चालक की लापरवाही से हुआ हादसा

# ट्रेन में बैठने को लेकर यात्री पर चाकू से किया हमला

## हमला करने के बाद चलती ट्रेन से नीचे फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेन में बदमाशों ने पहले एक यात्री के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद उस पर चाकू से हमला कर दिया। यात्री का आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने उसे चलती ट्रेन से धक्का देकर नीचे फेंक दिया। घायल यात्री को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पता चला है कि हमले में दो यात्री जख्मी हुए हैं। जीआरपी मामले की जांच कर रही है। नागरिक अस्पताल में दाखिल संजय कुमार ने बताया कि वह गोरखपुर जा रहे थे। अंबाला कैंट में ट्रेन रुकी थी। यहां से 3 लोग ट्रेन में चढ़े थे। उन्होंने ही हमला करते हुए चाकू से वार किए। संजय ने बताया कि वह दरवाजे के पास बैठा था। इस बीच, 3 युवक आए और बोले कि यहां से उठो। उसने सिर्फ यही कहा था कि 2 मिनट रुको उठ रहा हूं। इतना सुनते ही हमलावरों ने उसे मारना-पीटना शुरू कर दिया। हमलावर उसकी जेब से मोबाइल और पर्स निकाल कर ले गए।


नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन जख्मी युवक।

- हमले में दो यात्री घायल, हमलावर रुपये और मोबाइल भी ले गए

अंबाला शहर के संदीप सिंह ने बताया कि ट्रेन में 3 लोग चढ़े थे, जिन्होंने संजय को पहले थप्पड़ मारे और फिर चाकू से हमला बोल दिया। बदमाशों ने चलती ट्रेन से धक्का देकर नीचे फेंक दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एएसआई राम सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि 2 यात्रियों को चाकू मारे गए हैं। पुलिस ने ट्रेन को बराड़ा रेलवे स्टेशन पर रुकवाया गया। उसके बाद घायलों का पीएचसी में प्राथमिक इलाज दिया गया। यहां से डॉक्टरों ने घायलों को अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों के मुताबिक, हमलावर 6 हजार रुपए भी ले गए हैं।

# कुख्यात अपराधी ऋषि चुलकाना की पीजीआई रोहतक में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कुख्यात अपराधी गैंगस्टर ऋषि चुलकाना की रोहतक पीजीआई में कथित रूप से हृद्रयघात से मौत हो गई। वहीं ऋषि की मौत की पुष्टि रोहतक पीजीआईएमएस के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोशन लाल ने की है। वहीं, इंस्पेक्टर रोशन लाल ने बताया कि गैंगस्टर ऋषि चुलकाना पानीपत जेल में बंद था और शुक्रवार को उसके सीने में अचानक दर्द शुरू हो गया। इसकी सूचना मिलने पर पानीपत जेल प्रशासन ने ऋषि को पहले जेल में ही डॉक्टर से प्राथमिक उपचार दिलवाया, लेकिन दर्द कम नहीं होने पर उसे कड़ी सुरक्षा में जेल से पानीपत के सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां करीब 20 मिनट तक उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। सीने में दर्द की शिकायत के चलते गैंगस्टर को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। वहीं, ऋषि के साथ में मौजूद सुरक्षा बल ने बिना देर किए उच्च अधिकारियों से बात की और गैंगस्टर चुलकाना को रोहतक पीजीआई ले जाने की बात बताई। इसके बाद यहां से उसे कड़ी पुलिस सुरक्षा में पुलिस वैन में रोहतक ले जाया गया। जहां ऋषि चुलकाना की मौत हो गई। ऋषि की मौत के सही कारण जानने के लिए उसे शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा, माना जा रहा है कि मौत हृदयघात के कारण हुई है।

- हृदयघात की आंशका, पानीपत जेल में बंद था ऋषि

### ऋषि पर 22 केस दर्ज थे

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक बदमाश ऋषि चुलकाना ने गांव के ही दिनेश गैंग से आपराधिक जीवन की शुरुआत की थी। कुछ ही दिन में वह गैंग का शार्प शूटर बन गया। उसने गांव के ही फूड एंड सप्लाई में इंस्पेक्टर रमेश की हत्या कर दी थी। जिसमें आरोपी को साढ़े पांच साल की सजा सुनाई थी। वहीं, ऋषि चुलकाना ने इस मामले में हाईकोर्ट से पैरोल ली थी और बाहर आते ही सोनीपत में एक व्यक्ति की हत्या का प्रयास किया था। रिकॉर्ड के मुताबिक ऋषि चुलकाना दसवीं तक पढ़ा है। आरोपी ने बीच में यूपी में डेयरी भी चलाई, लेकिन उसे अपराध की ही दुनिया में अपना नाम कमाना था।

# महिला आयोग की चेयरपर्सन ने किया नारी निकेतन व महिला थाने का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने शुक्रवार को नारी निकेतन व महिला थाने का निरीक्षण किया और महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने महिला थाना का निरीक्षण किया और महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि महिलाओं से संबंधित केसों में जांच अधिकारी मर्यादित भाषा का प्रयोग करें। इसके साथ-साथ किसी भी मामले को लेकर महिलाओं पर अन्यथा दबाव नहीं बनाएं। इस दौरान रेनू भाटिया ने महिलाओं से संबंधित पांच मामलों की सुनवाई की व इन मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

चेयरपर्सन ने महिलाओं से बात करते हुए कहा कि महिला आयोग द्वारा हर 3 -4 महीने में वन स्टॉप सेंटर, नारी निकेतन, रेड क्रॉस हॉस्टल व जेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाता है। उन्होंने कहा कि रनअवे के केस में आई बेटियों के घर वालों से बात की जा रही है, ताकि उनको घर भेजा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वन स्टॉप सेंटर में जो भी महिलाएं घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न आदि से पीड़ित होकर आश्रय लेने के लिए आती हैं, उन सभी को स्वास्थ्य, कानून आदि संबंधित सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। संबंधित महिलाओं की सही से काउंसलिंग होनी चाहिए। जिन महिलाओं का वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से समझौता हो गया है, उनका फॉलोअप भी करते रहें कि अब वो ठीक प्रकार से जीवन व्यतीत कर रहे हैं।


हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया जानकारी लेती हुई

- महिला थाना का निरीक्षण किया और महिला

### महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं

उन्होंने कहा कि महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं है। हम हर कार्य में सक्षम हैं, अपने लिए लड़ाई लड़ सकते हैं। सरकार द्वारा नारी निकेतन, वन स्टॉप सेंटर, महिला थाना बनाए गए हैं, जहां महिलाएं उनके साथ हो रही हिंसा की सूचना दे सकती हैं। इन स्थानों पर घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न आदि से पीड़ित सभी आयु वर्ग की महिलाओं व 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों को पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, चिकित्सा सुविधा, काउंसलिंग, अस्थाई आश्रय आदि सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।



## खबर संक्षेप

### बच्चों में किया संस्कारों का प्रवाह

**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में वृंदावन के महान संत करुण दास जी महाराज की ओर से निर्मित धारावाहिक भक्तमाल का 16वां भाग बच्चों को दिखाया गया। इस भाग में गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन से संबंधित वाक्य को दर्शाया गया। करुण दास जी महाराज का कहना है कि बच्चे जिस चीज को देखते हैं उसे अधिक सीखते हैं। इसलिए वो भक्तमाल के माध्यम से संतों के जीवन पर प्रकाश डालने का काम कर रहे हैं।

### सरकार ने युवाओं के साथ किया धोखा : ढिल्लो

**रादौर।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जयसिंह ढिल्लों ने शुक्रवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव बापा, सढुरा, खरकाली, बुबका व बापौली आदि का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। जय सिंह ढिल्लों ने कहा कि कौशल रोजगार निगम का गठन कर सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया है। युवाओं की मजबूरी है कि वे कौशल रोजगार निगम में नौकरी करने के लिए मजबूर हैं।

### परिवार के सदस्यों पर किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की थॉपर कॉलोनी में बिजली की तारे हटाने के लिए कहने पर पड़ोसियों ने एक परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। हमले में परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### स्कूल में मनाई शहीद मंगल पांडे की जयंती

**रादौर।** इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर में शुक्रवार को शहीद मंगल पांडे की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसीपल ईश मेहता ने बच्चों को मंगल पांडे के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। प्रिंसीपल ईश मेहता ने कहा कि मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को बिजनौर में हुआ था। मंगल पांडे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल बजाने वाले पहले स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अंग्रेजों की नीतियों का खुलकर विरोध करते हुए भारत की आजादी की पहली लड़ाई लड़ी थी।

---

## कांवड़ यात्रा में यमुनानगर जिले में चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर: पुनिया

### 30 मोटर साइकिलें, 112 नंबर की 25 गाड़ियां तैनात रखने का जताया दावा

**कांवड़ यात्रा के दौरान जिले में 600 पुलिस कर्मी रहेंगे तैनात**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर जिले में पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में किए गए सुरक्षा इंतजामों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान अक्सर देखा जाता है कि सड़क दुर्घटनाओं का आंदेशा बना रहता है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 साल का डाटा देखा गया है कि सड़क दुर्घटना के अतिरिक्त अन्य कोई भी ऐसा हादसा इस दौरान नहीं हुआ है।

**आपसी भाईचारे से निपटान के लिए सामाजिक संस्थाओं से वार्ता की जा रही**

एसपी गंगाराम पुनिया ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा कावड़ यात्रा में 600 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। 20 लोकेशनों पर नाके लगाए जाएंगे और यात्रा के दौरान जिले में 28 स्थानों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। इन स्थानों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। यात्रा के दौरान जिला पुलिस द्वारा 30 मोटरसाइकिल लगातार पैट्रोलिंग करेंगी और 112 नंबर की 25 गाड़ियां भी कांवड़ यात्रियों की सेवा में रात दिन तैनात रहेंगी। उन्होंने बताया कि कावड़ यात्रा को आपसी भाईचारे से निपटान के लिए सामाजिक संस्थाओं से वार्ता की जा रही है। उन्होंने अपील की है कि सभी लोग इस पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। यदि सभी श्रद्धालु अनुशासन के रूप में इस कावड़ यात्रा में भाग लेंगे तो उन्हें और अधिक आनन्द की अनुभूति होगी। उन्होंने कांवड़ियों के लिए शिविर लगाए जाने वाले संचालकों से कहा कि जो भी शिविर लगाए जाएं वह सड़क से 100 मीटर की दूरी पर लगाए जाएं। शिविर लगाने से पहले प्रशासन की अनुमति जरूरी है। पुलिस समय समय पर इसकी चैकिंग करेंगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी की धार्मिक भावना आहत न हो इसके लिए कांवड़ियों के शिविर अन्य समुदाय के धार्मिक स्थानों से उचित दूरी पर लगाएं। इसके अतिरिक्त पार्किंग व्यवस्था भी उचित दूरी पर रखी जाए।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया। *फोटो: हरिभूमि*

## कांवड़ियों को कांवड़ यात्रा के दौरान नहीं आने दी जाएगी कोई परेशानी: कैप्टन



**यमुनानगर।** जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि शिवरात्रि पर्व के मौके पर कांवड़ यात्रा को सुचारू रुप से चलाने के लिए जिले में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने जिलेवासियों से कांवड़ यात्रा के दौरान शांतिपूर्वक व हर्षोल्लास और शांतिपूर्वक मनाए जाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कांवड़ यात्रा की तैयारियों की जानकारी दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि कांवड़ियों को कांवड़ यात्रा के दौरान कोई परेशानी ना आए इसके लिए जिले में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से 2 अगस्त तक चलेगी। शिवरात्रि के त्यौहार के दौरान हरिद्वार से श्रद्धालु यमुनानगर के रास्ते से कावड़ लेकर आते हैं। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने शिव भक्तों (कांवड़ियों)की सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य मार्गों तथा अन्य मार्गों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा कावड़ यात्रा के दौरान पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्क रहेगा और किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था एवं शांति भंग नहीं होने दी जाएगी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि कावड़ यात्री अक्सर कावड़ यात्रा के दौरान भांग आदि का नशा करते हैं और मौज मस्ती में शोर भी मचाते हैं। इसके लिए पुलिस विभाग को विशेष ध्यान रखने और यातायात को बाधित न होने देने बारे निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरे जिला में कावड़ यात्रा के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए हैं। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान लकड़ी मंडी यमुनानगर जगाधरी बंद रहेगी।

---

## प्राथमिकता के आधार पर दूर करें समस्याएं

- हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने भूड़कलां व छछरौली में आयोजित किया जनता दरबार
- जनता दरबार में लोगों की सुनी समस्याएं, किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने हाइडल कॉलोनी भूड़कलां खंड प्रताप नगर व पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह छछरौली में आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर उनका समाधान तुरंत करने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि उनकी यही प्राथमिकता रही है कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करवा सकें।



**यमुनानगर।** जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल।

**ये रहे मौजूद**

कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है और उनकी भी यही कोशिश है कि उनके हलके में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य करवाए जाएं। मौके पर एसडीएम छछरौली राजेश पुनिया, डीएसपी महावीर सिंह, जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता, तहसीलदार छछरौली सुदेश मेहरा व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्तिक चौहान आदि मौजूद रहे।

## आज के समय में स्वास्थ्य

- इंसाफ मंच के तत्वावधान में आयोजित हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर
- शिविर में की 400 लोगों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

इंसाफ मंच के अध्यक्ष भीम सिंह राठी के कासांपुर कार्यालय में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंच के अध्यक्ष भीम सिंह राठी ने रिबन काटकर किया। शिविर में एमएम अस्पताल मुलाना से आए डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में लगभग 400 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कैंप में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंगद, डॉ.दिव्यांशु, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.कीर्ति, डॉ.आशीष ने मरीजों की जांच की। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजुंम ने महिलाओं को जागरुक भी किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला को गुप्त रोग है तो उसे छुपाना नहीं चाहिए बल्कि डॉक्टर के पास जाकर उसका इलाज करवाना चाहिए। इसके अलावा उन्हें सर्वाइकल कैंसर के लिए भी



**यमुनानगर।** इंसाफ मंच की ओर से आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते मुख्यातिथि भीम राठी।

---

### न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर में आयोजित किया कार्यक्रम

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने किड्स फैशन वीक में दिखाई प्रतिभा

**न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) में आयोजित किया कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) में शुक्रवार को किड्स फैशन वीक का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चे रंग बिरंगे एवं आकर्षक परिधानों में सजे हुए काफी आकर्षक दिखाई दे रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की मुख्याध्यापिक डॉ. बिंदु शर्मा व चेयरमैन जीएस शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी अदाओं से सभी का दिल जीत लिया। गाउन, शॉर्ट, वन पीस, साड़ी, जैकेट, सूट एवं अलग अलग तरह के शूज, चश्मे व कैप में सभी ने अपने आप को एक नए अंदाज में पेश किया। नन्हे मुन्ने बच्चों में अनाया, लावण्या, काशवी, जिया, नवतेज, मैदांत, हरजस, धार्य, अवनीत व हर्षिका ने अपनी कैटवॉक से सभी का दिल जीत लिया। बच्चों ने फैशन का ऐसा जलवा बिखेरा की सभी दंग रह गए। बच्चों ने हाथ हिलाकर एवं नमस्कार कर सभी का अभिवादन किया। उन्हें उनके भोले एवं मासूम अंदाज ने सभी की तालियां बटोरी। सभी ने बच्चों के फैशन, उनकी रैम्प वाक व आत्मविश्वास की खुले दिल से सराहना की व तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की । उन्होंने उनका हौसला बढ़ाया और आत्मविश्वास से भरे इन बच्चों के हुनर की सराहना की। उन्होंने बताया कि इन बच्चों ने आधुनिकता के साथ साथ भारतीय इतिहास एवं परंपराओं को भी उजागर किया है जो कि एक गर्व की बात है।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर में आयोजित फैशन वीक में भाग लेते नन्हें मुन्ने बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

**आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता**

वहीं, स्कूल की मुख्य अध्यापिका डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा व मनोरंजन के साथ साथ बहुत कुछ सीखते हैं जो उन्हें संपूर्ण विकास के लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा का आंकलन किया व स्टाफ के मार्गदर्शन एवं सहयोग की भी सराहना।


---

## शिविर में स्पीरोमीटर से की सांस व दमा के मरीजों की जांच

- शहर के रादौर मार्ग स्थित निर्मल अस्पताल (कैंप) में हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के रादौर मार्ग स्थित निर्मल अस्पताल कैंप में शुक्रवार को मासिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सांस दमा बीमारी से पीड़ित 180 मरीजों की स्पीरोमीटर द्वारा विशेष रूप से जांच की गई। मौके पर सिपला कंपनी के दीपक भाटिया विशेष रूप से शामिल हुए। शिविर का शुभारंभ अस्पताल के प्रसिद्ध अस्थमा व सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने किया। अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि शिविर के दौरान विशेष रूप से सांस दमा के निदान के लिए स्पीरोमीटर नामक उपकरण का उपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि स्पीरोमीटर एक आधुनिक तकनीकी उपकरण है जो व्यक्ति की सांस की मात्रा और क्षमता का मापन करने में मदद करता है।



**यमुनानगर।** मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

## विकास कार्यों को निर्धारित अवधि में करें पूरा

- सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के सहयोग से यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्र की जनता आगे भी जिस विकास कार्य के लिए कहेगी प्रदेश सरकार उसे पूरा करवाएगी। उक्त शब्द सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहे। उन्होंने मौके पर विकास कार्यों का निर्माण कार्य धीमी गति से होने पर असंतोष जताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा नगर निगम के अधिकारियों के साथ सबसे पहले अपने निर्वाचन क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 में छोटी लाइन पार नाले के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने शहर के देवी मंदिर के नजदकी पानी की निकासी के लिए डाली जा रही पाइप लाइन का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

बाद में वह स्टेशन मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने विकास कार्यों के धीमी गति से चलने पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों को कहा कि सभी विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। ताकि जनता को इनका लाभ मिल सके।



**यमुनानगर।** स्टेशन मार्ग पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और उन्हें जानकारी देते अधिकारी।

**भाजपा संविधान की रक्षक**

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान की सही मायने में सच्ची रक्षक है। भाजपा राज में ही भारत रत्न स्वर्गीय डाक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को पूरा सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में वह हरियाणा की भाजपा सरकार के सहयोग से लगातार विकास कार्य करवा रहें हैं। आगे भी नागरिक जिस भी विकास कार्यों की मांग करेंगे वह विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाएंगे। विधायक ने कहा कि प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार सबका साथ सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए कार्य कर रही है।

## कार ने एक्टिवा और आल्टो को मारी टक्कर

- हादसे में एक्टिवा सवार दंपति व उनकी आठ वर्षीय बच्ची घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के गाबा अस्पताल के पास बीती रात एक कार ने एक्टिवा व एक अन्य आल्टो कार को टक्कर मार दी। इसके बाद कार डीसी रेजिडेंस के पास पेड़ से टकरा गई। कार की टक्कर लगने से एक्टिवा सवार दंपत्ति व उनकी आठ वर्षीय लड़की घायल हो गई। संत नगर छोटी लाइन निवासी नवनीत कुमार ने बताया कि वह वीरवार शाम को अपनी पत्नी व आठ वर्षीय लड़की के साथ अंसल टाउन में अपनी रिश्तेदारी में गए थे। रात को साढ़े 11 बजे जब वह वापस लौट रहे थे तो गाबा अस्पताल के पास अनियंत्रित कार चालक ने उनकी एक्टिवा व अन्य आल्टो कार को टक्कर मार दी।

**साइकिल सवार घायल**

जम्मू कॉलोनी निवासी नरेश कुमार ने बताया कि वह तथा पुराना हमीदा निवासी धर्मवीर बिशनदास नैयर फैक्टरी में काम करते हैं। वह शाम को फैक्टरी से छुट्टी करके साइकिलों पर घर आ रहे थे। जब वह ट्रक अड्डे पर पहुंचे तो ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने धर्मवीर की साइकिल को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर का पहिया धर्मवीर के ऊपर से निकल गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने लोगों की सहायता से धर्मवीर को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रैफर कर दिया।

---

### श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति ने गुरु पूजन उत्सव का किया आयोजन

## सच्चा गुरु ही ईश्वर प्राप्ति का सरल रास्ता : ज्ञानानंद

- गीता मनीषी स्वामी ज्ञाननंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति द्वारा जगाधरी के मटका चौक स्थित बीएन महल में गुरु पूजन उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज उपस्थित हुए। स्वामी ने प्रवचन करके श्रद्धालुओं को निहाल किया। उत्सव में भजन रसिक पवन गुंबर, रतन रसिक विक्की, नटराज नीरज कालड़,। नीरू चौहान व कोमल धवन आदि ने मनमोहक भजन गाकर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के चरणों पर तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान ज्ञानानंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं को गुरु पूजा और गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि गुरु पूजन कि परंपरा महर्षि व्यास द्वारा शुरू की गई थी। उन्होंने कहा की सच्चा गुरु ही ईश्वर प्राप्ति का सरल सुगम रास्ता बता सकता है। गुरु ही नाम दीक्षा देकर जीवन के वास्तविक मूल्य को पहचानने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। गुरु द्वारा दी गई नाम दीक्षा ही आगे जाकर मानव कल्याण के लिए नए-नए रास्ते और आयाम खोलती है। इसलिए गुरु के महत्व को सनातनी ग्रंथो में लिखा गया। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, रामनिवास गर्ग, पूर्व मेयर मदन चौहान, जितेंद्र गुप्ता, संदीप बंसल, जितेंद्र गांधी, गौतम , संजीव बग्गा, सोनू पुनानी, नीरज कलर, अनिल छाबड़ा, ललित छाबड़ा, कोमल धवन, गगन, विक्की, योगेश, अमीश व राकेश आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित गुरू पूजन उत्सव में श्रद्धालुओं पर प्रवचनों की अमृत वर्षा करते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज।

### अंग्रेजी शराब की 85 पेट्टियां बरामद

**यमुनानगर।** जिला की सदर यमुनानगर पुलिस ने औरंगाबाद पुल के पास से गाड़ी में अवैध रूप से सप्लाई की जा रही अंग्रेजी शराब की 85 पेट्टियां बरामद की है। सदर यमुनानगर थाने में तैनात संदीप कुमार ने बताया कि वीरवार शाम को वह गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि औरंगाबाद पुल के पास गाड़ी में अवैध रूप से शराब की सप्लाई की जा रही है।

सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस टीम के साथ औरंगाबाद पुल के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक गाड़ी आती दिखाई दी। जब पुलिस टीम ने गाड़ी को रोककर चैक किया तो उसने अंग्रेजी शराब की 85 पेटियां कुल 1020 बोतलें बरामद हुई।

## इस्जैक कंपनी के इंजीनियर पर युवकों ने किया हमला

**यमुनानगर।** गांव औरंगाबाद के पास बाइक सवार युवकों ने इस्जैक कंपनी के सीनियर प्रोडक्शन इंजीनियर पर हमला कर दिया। घायल इंजीनियर का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- घायल इंजीनियर अस्पताल में उपचाराधीन

जानकारी के अनुसार मॉडल कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रादौर रोड स्थित इस्जैक कंपनी में सीनियर प्रोडक्शन इंजीनियर के पद पर नौकरी करता है। 17 जुलाई को वह ड्यूटी से छुट्टी होने के बाद एक्टिवा पर अपने घर आ रहा था। जब वह औरंगाबाद के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार होकर दो व्यक्ति आए। आरोपियों ने आते ही उसकी पीठ पर डंडा मारा। जिससे उसकी एक्टिवा अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद दो बाइकों पर अन्य युवक भी आ गए। आरोपियों ने आते ही उस पर डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गए। उसने फोन करके कंपनी में इसकी सूचना दी। कंपनी की एंबुलेंस ने उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिला प्रतिनिधिमंडल

**पिहोवा।** हरियाणा सिख समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी (पंजाबी प्रकोष्ठ) के निदेशक हरपाल सिंह के नेतृत्व में नवनियुक्त हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के निवास स्थान पर उनसे भेंट की और इस प्रतिष्ठित पद पर उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी गई और राज्य में संगठन को और मजबूत बनाने के बारे में विचार विमर्श किया गया। इसके अंतर्गत हरियाणा के सिख समाज को दरपेश धार्मिक एवं सांस्कृतिक समस्याओं का निवारण कर उन्हें संगठन के साथ जोड़ने के बारे में भी गहन विचार विमर्श किया गया।

### गवर्नमेंट स्कूल में संगीत प्रतियोगिता 2 अगस्त को

**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र की चेयरपर्सन अनुपमा तलवार ने बताया कि कुरुक्षेत्र में 2 अगस्त को गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के ऑडिटोरियम में केंद्र द्वारा अंतरराज्यीय सांगीतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अब तक जिला के 10 से अधिक स्कूलों ने प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन करवा दिया है। चेयरपर्सन अनुपमा तलवार ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता आध्यात्मिक एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित गीतों पर आधारित होगी।

### महंत प्रभातपुरी विद्यालय में हेल्थ मेला 21 को

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल ने अपने संकल्प पत्र के अनुसार कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता को सुविधाएं प्रदान करने के लिए अपना स्वस्थ कुरूक्षेत्र अभियान आरंभ कर दिया है। इसके अंतर्गत नवीन जिन्दल फाउंडेशन और महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा के संयुक्त तत्वाधान में थानेसर के महंत प्रभातपुरी वरिष्ठ कन्या उच्च विद्यालय में 21 जुलाई 2024 को विशाल हेल्थ मेला आयोजित किया जा रहा है। इस हेल्थ मेले में सौ से अधिक विशेषज्ञों और डॉक्टरों की टीम मरीजों की जांच कर निशुल्क परामर्श और दवाएं देंगी।

### केयू आईआईएचएस में दाखिला सूची जारी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा बीसीए, बीएससी फिजिकल साइंस, लाइफ साइंस व एमएससी इकोनॉमिक्स विषयों में सुपरनुमेरी सीटों पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की सूची जारी की गई है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध सुपर नुमेरी सीटों की सूची के अनुसार बीसीए के अभ्यर्थियों को एल-101 में, बीएससी फिजिकल साइंस के लिए कमरा संख्या 140, बीएससी लाइफ साइंस के लिए जूलॉजी लैब तथा एमएससी इकोनॉमिक्स के लिए इकोनॉमिक्स विभाग में 20 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग हेतु मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

### हॉस्टल मैस वर्कर यूनियन ने सौंपा मांग पत्र

**कुरुक्षेत्र।** होस्टल मैस वर्कर यूनियन ने अपना मांग पत्र हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री सुभाष सुधा के नाम उमा सुधा अध्यक्ष नगर परिषद थानेसर को दिया। उमा सुधा ने मैस कर्मचारीयों को आश्वासन दिया है कि मंत्री से कह कर आपको पक्का करवाने प्रयास करेंगे। मांग पत्र देते हुए होस्टल मैस वर्कर यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा, महासचिव कृष्ण चन्द सैनी, उप प्रधान ख्याली राम कोषाध्यक्ष अमन कुमार दुग्गल, मुख्य सलाहकार रजनीश मिश्रा, लेखा निरीक्षक सुशील दीक्षित, सहसचिव उमा शंकर, प्रैस सचिव भारत लाल, कार्यकारिणी सदस्य आनंद सिंह,रोबी राणा, महेश चंद, पवन कुमार मट्टू, मनोज कुमार काफी संख्या में मैंस कर्मचारी मौजूद थे।

## शाहपुर व सरस्वती खेड़ा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया पौधरोपण

# स्वच्छ जीवन व साफ वातावरण के लिए पौधरोपण जरूरी : कौर

- स्कूल में कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर लेक्चर स्टैंड जिला परिषद की ओर से वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि जहां पर गंदगी होती है और वातावरण अशुद्ध होता है, वहां पर बीमारियां अपने आप पनपने लगती है। स्वच्छ पर्यावरण से ही स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। इसलिए सभी को पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए पौधारोपण जरूरी करना चाहिए। जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर शुक्रवार को पिहोवा ब्लॉक के गांव शाहपुर व सरस्वती खेड़ा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करने के उपरांत बातचीत कर रही थी। इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने पिहोवा ब्लॉक के गांव शाहपुर व सरस्वती खेड़ा में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने गांव शाहपुर के स्कूल में कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर और साउंड सिस्टम तथा लेक्चर स्टैंड जिला परिषद की ओर से वितरण किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने से मनुष्य को जीवनदायिनी संजीवनी ऑक्सीजन भी मिलेगी। इसके साथ-साथ आमजन को सुबह के समय स्वच्छ वातावरण में सैर व योगासन करने से ताजगी मिलती है और स्वच्छ वातावरण और ऑक्सीजन हमें पेड़-पौधों से ही प्राप्त होता है। एक पेड़ मां के नाम के तहत शहरों को प्रदूषण मुक्त बनाने की योजना को अमलीजामा पहनाने का काम कर रही है। इस योजना के तहत शहरों में अधिक से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए सभी नागरिकों को अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करके भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित करना होगा।




**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करती जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर।

### पौधरोपण के लिए मानसून का समय उपयुक्त

कंवलजीत कौर ने कहा कि पर्यावरण मे बढ़ता हुआ प्रदूषण का स्तर हम सभी के लिए चिंता का विषय है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समय रहते आवश्यक कदम उठाने होंगे और आने वाली पीढ़ी को भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना होगा। सभी नागरिकों को यह संकल्प लेना होगा कि हम किसी भी त्यौहार या शुभ अवसर पर पौधारोपण करें और उसका रखरखाव अपने शिशु की भांति करें तभी पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सकता है। पौधरोपण के लिए मानसून का समय सबसे अधिक उपयुक्त समय समझा जाता है। ऐसे में यदि जिला का प्रत्येक नागरिक पौधारोपण का संकल्प लें तो निश्चित तौर पर ही हम अपने जिला को और अधिक हरा-भरा बना सकते है। इस मौके पर गुरनाम सिंह हेड मास्टर, संदीप कुमार, अशोक कुमार, संदीप सिंह, अरुण कुमार अध्यापक, पूनम रानी सरपंच, बलजीत, रामजी दास नंबरदार, प्यारा सिंह समाजसेवी, बलदेव सिंह समाजसेवी आदि उपस्थित थे।

# कुवि के छात्र ह्यूस्टन, यूएसए में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भू-भौतिकी विभाग के अंतिम वर्ष के एमएससी(टेक.) एप्लाइड जियोफिजिक्स के छात्र रोहित चौहान (टीम लीडर), अभिषेक मनवाल और इशिका अग्रवाल (सदस्य) को प्रतिष्ठित इमेज 2024 सम्मेलन में सोसाइटी ऑफ एक्सप्लोरेशन जियोफिजिसिस्ट एसईजी इवॉल्व प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। यह कार्यक्रम 26-29 अगस्तके दौरान टेक्सास के ह्यूस्टन में आयोजित होगा। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विभाग के शिक्षकों और छात्रों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, कि मुझे गर्व है कि विश्वविद्यालय के छात्र वैश्विक मंच पर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। यह न केवल उनके लिए बल्कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और देश के लिए भी एक शानदार अवसर है। एसईजी इवॉल्व प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन के लिए कुरुक्षेत्र टीम का चयन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता को रेखांकित करता है। इस उपलब्धि के लिए कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने विभाग के शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली कुरुक्षेत्र टीम इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए दुनिया भर में चुनी गई ग्यारह टीमों में से एक है।

# थानेसर में विकास के दावे खोखले धरातल पर नहीं हुआ काम : शर्मा


- जन आशीर्वाद यात्रा को मिल रहा लोगों का दिनप्रतिदिन समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

वरिष्ठ बीजेपी नेता जय भगवान शर्मा डीडी की जन आशीर्वाद यात्रा के कदम दिन प्रतिदिन गति पकड़ रहे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा को जहां समर्थन मिल रहा हैं वहीं जन जागरण सभाओं की सफल नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। जय भगवान शर्मा डीडी ने वशिष्ठ कॉलोनी वार्ड 7 में जन जागरण सभा को सम्बोधित किया जहाँ भारी जन सैलाब उमड़ा। डीडी शर्मा नें वार्ड के लोगों आयोजको का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद नें उन्हें मजबूत बनाने के साथ साथ उन्हें उदेश्य दिया जिसकी पूर्ति किये बिना वे नहीं रुकेंगे। शर्मा ने सभा के बाद क्षेत्र के लोगों की परेशानियां सुनी और सरकार और प्रशासन से संज्ञान लेने की अपील की। वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी नें वार्ड सात के लोगों का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि शहर को शहर से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग कीर्ति नगर, गांधी नगर रेलवे पुल के नीचे का रास्ता वर्षो से खराब हैं। नेताओं ने यहां से वोट तो लिए पर बदले में विकास नहीं किया।

उन्होंने जागरण सभा में दावा किया कि अगर 15 दिनों में इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे निजी खर्च पर जनता की परेशानी का हल करेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** जनसभा को संबोधित करते जयभगवान शर्मा डीडी।

# हरमनदीप ने मुख्य बाजार में बांटे कांग्रेस के संकल्प पत्र

- बीजेपी ने जनता के साथ 10 सालों तक भद्दा मजाक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरमनदीप सिंह विर्क ने हरियाणा मांगे जवाब अभियान की पिहोवा शहर से शुरूआत करते हुए मुख्य बाजार में लोगों को जागरुक करते हुए कांग्रेस के संकल्प पत्र बांटे। उन्होंने जनता के बीच जाकर कहा कि बीजेपी ने जनता के साथ 10 सालों तक भद्दा मजाक किया है। जिसका हिसाब लेने का अब समय आ गया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी को 10 साल का जवाब और हिसाब दोनों देना होगा। 10 सालों से विपक्ष में होने के बावजूद कांग्रेस अपने कामों के नाम पर वोट मांग रही है, जबकि 10 साल से सत्ता में होते हुए भी बीजेपी के पास गिनवाने के लिए एक भी उपलब्धि नहीं है। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान प्रदेश में 250 किलोमीटर रेलवे लाइन, 81 किलोमीटर मेट्रो लाइन, 4 पावर प्लांट, 1 न्यूक्लियर प्लांट, 6 आईएमटी, 6 मेडिकल कॉलेज, 1 मेडिकल यूनिवर्सिटी, एम्स, कैंसर इंस्टीट्यूट, केंद्रीय विद्यालय, 12 सरकार यूनिवर्सिटी, 6 केंद्रीय विद्यालय, 1 सैनिक स्कूल, आईआईएम, आईआईटी, ट्रिपल आईटी समेत अनगिनत राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर के संस्थान व उद्योग हरियाणा में स्थापित हुए जबकि बीजेपी कार्यकाल में न एक इंच मेट्रो आगे बढ़ी और न नई रेलवे लाइन आई, न कोई मेडिकल कॉलेज स्थापित हुआ, न ही कोई बड़ी यूनिवर्सिटी बनी, न कोई पावर प्लांट लगा, न कोई बड़ा उद्योग या निवेश हरियाणा में आया।

बीजेपी को जनता के सवालों का जवाब देना होगा और 10 सालों का हिसाब जनता के सामने रखना होगा कि उन्होंने आंखें आमजन के लिए इन 10 वर्षों के कार्यकाल में क्या किया है।



**पिहोवा।** कांग्रेस नेता हरमनदीप सिंह विर्क पिहोवा शहर से हरियाणा मांगे जवाब अभियान की शुरूआत करते जनता के बीच।

# सेक्टर 5 के रेजिडेंशियल एरिया में गंदगी के ढेर



**कुरुक्षेत्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत श्रेष्ठ भारत के तहत पूरे देश और प्रदेश में जोरदार स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने का काम बखूबी किया लेकिन आज भी जनता और प्रशासन स्वच्छता के प्रति इतने सचेत और सतर्क नहीं है जितने होने चाहिए क्योंकि स्वच्छता प्रत्येक जीव के लिए बहुत ही अनिवार्य है। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत श्रेष्ठ भारत के उद्घोष के बाद भी मुख्य स्थान पर आज भी गंदगी के ढेर देखने को मिल रहे हैं। रेजिडेंशियल एरिया में गंदगी के ढेर को देख कर लगता है कि प्रशासन की ओर से सफाई कर्मी अपनी ड्यूटी को गंभीरता से नहीं कर रहे हैं इसलिए जगह-जगह गंदगी के ढेर देखने को मिलते हैं। ऐसा ही मामला सेक्टर 5 के कोठी नंबर 1023 के पास देखने को मिला इसके साथ ही क्राइम ब्रांच की पुलिस चौकी भी है। कोठी नबर 1023 में फौज के अफसर कर्नल राजकुमार मलिक रहते हैं जोकि कोठी के नजदीक पड़े गंदगी के ढेर से अत्यधिक परेशान हो कर स्वयं एरिया की सफाई कर प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत, श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को साकार करने में लगातार लगे रहते हैं।

### छीनाझपटी के आरोपी को 10 साल कारावास

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश आशु कुमार जैन की अदालत ने छीनाझपटी के आरोपी अनिल पुत्र फुल सिंह वासी बराना जिला पानीपत व रिंकू पुत्र बलिन्द्र व सुदेश वासीयान सोनीपत को 10/10 साल कठोर कारावास व 25/25 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी मनोज कुमार त्यागी ने बताया कि 5 अप्रैल 2018 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में दलबीर सिंह पुत्र नारायण सिंह वासी सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र ने बताया कि 5 अप्रैल को वह पीपली की तरफ जा रहा था। समय करीब 2.25 बजे जब वह सैक्टर-2/3 फ्लाई ओवर के नीचे पहुंचा तो मोटरसाईकिल पर दो नौजवान लड़के आए और उसका रास्ता रोककर मारपीट करके उसका पर्स छीनकर भाग गए। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक धर्मपाल सिंह को दी गई। जांच के दौरान आरोपी अनिल, रिंकू व महिला आरोपी सुदेश को मामले में गिरफ्तार कर लिया था।

# माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में पंजाबी अभिनेता रोशन ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

माँ भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में माँ भद्रकाली के प्यारे भक्त व मशहूर पंजाबी फिल्म सुपरस्टार एवं प्लेबैक सिंगर रोशन प्रिंस माँ का आशीर्वाद लेने पहुंचे। सर्वप्रथम टीम शक्तिपीठ द्वारा उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

इसके बाद उन्होंने पावन- पवित्र शक्तिस्थल श्री देवीकूप पर माँ की विधिवत पूजा की व माथा टेका और अश्वों का जौड़ा पुष्पांजलि के साथ अर्पित किया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने माँ की लाल चुनरी व पुष्पमाला से उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने रोशन प्रिंस को माँ का प्रसाद व आशीर्वाद देकर उनके सेवा भावी यशस्वी जीवन की मंगल कामना की। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा व माता शिमला देवी के सानिध्य मे रोशन प्रिंस द्वारा माँ भद्रकाली का पूजन-अर्चन किया।

पंडित अनिल शर्मा द्वारा श्रद्धापूर्वक पूजन कराया गया। रोशन प्रिंस ने चैत्र नवरात्रि की दुर्गाष्टमी जागरण पर अपनी हाजिरी माँ के दरबार में लगाई थी व आज बागेश्वर धाम जाने से पहले माँ का आशीर्वाद लेने के लिए माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में रुके। उन्होंने कहा कि उनके मन का भाव माँ की भक्ति से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर एम के मौदगिल, जीवन मौदगिल, डॉ अनु पॉल शर्मा , कार्यालय सेवादार राकेश सैनी, आशीष दीक्षित, हितेश इत्यादि भक्त उपस्थित रहे।



**कुरुक्षेत्र।** मां भद्रकाली मंदिर में पूजा करते पंजाबी फिल्म सुपरस्टार रोशन प्रिंस।

# कुवि के 5 सीनियर प्रोफेसरों की नियुक्ति पर लगी मुहर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की 282वीं बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार सीएएस के तहत पांच सीनियर प्रोफेसरों की नियुक्ति पर मोहर लगी। इनमें इलेक्ट्रानिक्स विभाग के प्रो. अनिल वोहरा, शिक्षा विभाग की प्रो. संगीता, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रो. दिनेश अग्रवाल, गणित विभाग के प्रो. अनिल वशिष्ठ व ललित कला विभाग के प्रो. राम विरंजन को सीएएस के तहत सीनियर प्रोफेसर बनाया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में कार्यकारिणी परिषद की 282वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यकारिणी परिषद ने 14 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। वहीं बैठक में 26 जून को हुई कार्यकारिणी परिषद व एकेडमिक काउंसिल की बैठक के मिनट्स की पुष्टि की गई व उन निर्णयों पर क्या कार्रवाई हुई, उस बारे में चर्चा की गई। बैठक में सीएएस के तहत प्रो. ज्योति खजूरिया को प्रोफेसर पद पर पदोन्नत करने की मंजूरी प्रदान की गई है। बैठक में बजटिड पदों पर सहायक से उप-अधीक्षक तथा उप-अधीक्षक से अधीक्षक पदों पर पदोन्नति करने की सिफारिश की गई और वहीं एसएफएस स्कीम के तहत लगे सहायकों को अधीक्षक पद पर पदोन्नत करने की अनुशंसा प्रदान की गई। बैठक में प्रो. प्रदीप चौहान की ईओएल की अवधि को एक वर्ष आगे बढ़ाने की मंजूरी प्रदान की गई। यूनिवर्सिटी सीनियर सैकेंडरी स्कूल की टीजीटी अंग्रेजी प्राध्यापिका सुनीता रानी को पीजीटी अंग्रेजी के पद पर पदोन्नति प्रदान करने की मंजूरी प्रदान की गई।

## 21 को श्रद्धा और उल्लास से मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा : साध्वी देव

# अपने जन्मदिन धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार मनाएं

- शुभअवसरों पर पौधरोपण जरूर करें : संतश्री दर्शना देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

गुरु ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र की अध्यक्षा संतश्री दर्शना देवी ने कहा कि हमें अपने जन्म दिन धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार मनाने चाहिए। इतना ही नहीं, ऐसे शुभ अवसरों पर पौधारोपण भी करना चाहिए, ताकि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। वे शुक्रवार को गांव बुच्ची निवासी आशीष उर्फ कालू के 21वें और गांव मंजूरा निवासी शांतनु के 22वें जन्मदिन पर आश्रम में करवाए हवन यज्ञ के बाद श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन कर रहीं थी। संत जी ने कहा कि पश्चिमी सभ्यता की नकल कर आजकल युवा अपने जन्म दिन पर केक काटते हैं और पटाखे बजा कर पर्यावरण में प्रदूषण फैलाते हैं, जबकि ऐसे शुभ अवसरों पर समाज भलाई के कार्य कर आशीर्वाद लेने चाहिए और जरूरत मंदों की हरसंभव मदद करनी चाहिए। संत जी ने दोनों युवाओं को लम्बी एवं स्वस्थ आयु का आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे समाज में फैली कुरीतियों और बढ़ती नशावृत्ति का डट कर विरोध करें तथा अपनी उर्जा का सदुपयोग समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में करें।संतश्री दर्शना देवी ने आश्रम की ओर से आशीष उर्फ कालू बुच्ची और शांतनु को गुरु ब्रह्मानंद जीवन चरित्र भेंट कर सम्मानित किया और गुरु जी के दर्शाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान भंडारा भी दिया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर साध्वी देव अभिलाषा एवं साध्वी राम देवी, बलवान मंजूरा, शीला मंजूरा, सीता श्यामगढ़, रोशनी, अनिता अंबाला, जय सिंह महला, ईश्वर पंडित सहित श्रद्धालु मौजूद रहे। विश्व गुरु ब्रह्मानंद ट्रस्ट की पदाधिकारी साध्वी देव अभिलाषा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र में 21 जुलाई को श्रद्धा और उल्लास से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में आश्रम को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। रविवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक 24 कुंडीय हवन यज्ञ होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु पूणार्हुति डालेंगे। इस उपलक्ष में रविवार को आश्रम परिसर में हजारों पौधे भी वितरित किए जाएंगे।




**कुरुक्षेत्र।** हवन यज्ञ में आहुति डालते यजमान। 1

# सतलुज विद्यालय में मनाया पौधरोपण दिवस

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पौधा रोपण दिवस मनाया गया जिसमें स्कूल के लगभग 150 बच्चों को विभिन्न प्रकार के पौधे बांटे गए। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने अपने सम्बोधन में सभी विद्यार्थियों को वृक्षों की महत्त्वता के बारे में बताया कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है जिनके बिना धरती पर जीवन संभव नहीं है। लेकिन आज के युग में वृक्षों के महत्व को नकारा जा रहा है और अंधाधुध वृक्षों की कटाई के कारण आज मनुष्य को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आज समय की मांग है कि हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं ताकि हमारे ग्रह धरती पर प्रकृति का संतुलन बना रहे। उन्होंने बच्चों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित किया और बताया कि जुलाई का महीना छोटे छोटे पौधों के फलने -फूलने के लिए अनुकूल होता है इसलिए हमें इस महीने में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने बच्चों को पौधे लगाने के साथ साथ उनकी देखभाल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्कूल के उपप्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, शारीरिक शिक्षा के अध्यापक मनदीप कुमार और अंजना, दिनेश कुमारी, मेहुल गोयल, अनु, अरुण, पूजा, व कॉलेज स्टाफ से सुषमा सैनी, राजविंदर कौर, वनिता, सुमन लता व साहिल कुमार मौजूद रहे।



**खबर संक्षेप**

### शिकायतों का होगा निवारण

**अंबाला।** महाप्रबंधक दूरसंचार जिला अंबाला के सहायक महाप्रबंधक(प्रचालन) ने बताया कि जिले के तहत आने वाले सभी दूरभाष केंद्रो के उपभोक्ताओं की टेलीफोन सेवाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई के ए टेलीफोन अदालत का आयाजन किया जाएगा। यह आयोजन 26 जुलाई 2024 दिन शुक्रवार को 12:00 बजे कार्यालय महाप्रबंधक दूरसंचार में किया जाएगा। इस अदालत मे उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं शिकायतों का निपटारा महाप्रबंधक द्वारा किया जाएगा।

### किसानों को मिलेगा अनुदान

**अंबाला।** सहायक कृषि अभियंता ने जिला के किसानों को अवगत करवाते हुए बताया है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा आरकेवीवाई योजना के घटक फसल अवशेष प्रबंधन 2024-25 के तहत व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत विभिन्न कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। विभाग के सहायक कृषि अभियंता सुभाष चंद्र ने बताया कि इस स्कीम के तहत विभागीय पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 4अगस्त2024 है । उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत श्रेणी के किसान का चयन एक परिवार पहचान पत्र में से केवल एक ही किसान का किया जाएगा ।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर वीरवार रात को एक अधेड़ व्यक्ति रोहतक रोड के पास रेलगाड़ी की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान रामनगर निवासी (55) हरिकेश के तौर पर हुई है।

### शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा कैथल में आजः डीसी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा 20 जुलाई को सुबह 9 बजे हिंदू गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय प्रबंधन समिति की कांफ्रेंस-सह-प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

### रास्ता रोककर हजारों रुपये की नकदी छीनी

**कैथल।** गांव सांगन में अज्ञात चोर एक व्यक्ति का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट करते हुए 6000 छीन कर फरार हो गए। गांव बरटा के चिराग शर्मा ने सदर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 17 जुलाई को जब वह गांव संगम से गुजर रहा था तो एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ मारपीट की तथा 6000 नकदी छीन कर फरार हो गए।

### बिटाणी में व्यक्ति पर दरांत से हमला

**जींद।** बिटाणी में गली में सोए व्यक्ति पर दरांत से हमला कर घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। बिटाणी निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात को गली में सोया हुआ था।

## भाजपा ने हिसाब न दिया तो सरकार की विदाई तय: निर्मल सिंह

# हरियाणा मांगे हिसाब अभियान में गीता नगरी में किया प्रचार

गांव-गांव में हरियाणा मांगे हिसाब अभियान को लेकर जनसैलाब उमड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने शुक्रवार को 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के तहत दूसरे दिन अंबाला शहर के गीता नगरी से अभियान की शुरुआत की। निर्मल सिंह ने अंबाला शहर की जनता का आभार भी व्यक्त किया और कहा कि रिकार्ड गर्मी, उमस में भी गांव-गांव में हरियाणा मांगे हिसाब अभियान को लेकर जनसैलाब उमड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब से हरियाणा मांगे हिसाब के तहत कांग्रेस पार्टी ने सवाल पूछे हैं पूरी भाजपा में तिलमिलाहट है। भाजपा सरकार ने एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। अगर भाजपा सरकार ने हिसाब नहीं दिया तो अक्टूबर में प्रदेश की जनता इनका हिसाब चुकता कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अंबाला शहर हल्के के साथ साथ पूरा हरियाणा दुर्दशा का शिकार हुआ है। विधान सभा चुनाव से पहले बीजेपी ने अनेक वायदे किए थे लेकिन उनमें से एक भी वायदा पूरा नहीं किया।



अंबाला। हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्री निर्मल सिंह।

### निर्मल सिंह ने पूछे ये सवाल



प्रदेश की बीजेपी सरकार पर सवालों की बौछार करते हुए निर्मल सिंह ने पूछा कि अंबाला शहर में जलभराव की काफी समस्या रहती है, बारिश के पानी की निकासी का क्या हुआ? नालों की निकासी की समस्या आ रहा है? हर गांव में जलापूर्ति की समस्या है वो दूर क्यों नहीं हुई? उन्होंने भाजपा सरकार से 15 सवाल दोहराते हुए पूछा कि दिल्ली के तीन तरफ बसे हरियाणा में अब सबसे ज्यादा बेरोजगारी क्यों है? देश में सर्वाधिक महंगाई हरियाणा में क्यों है? देश में सबसे ज्यादा अपराध दर हरियाणा में क्यों है? हरियाणा में हजारों करोड़ के घोटाले क्यों? जनविरोधी पोर्टलों से हरियाणा बेहाल क्यों? अग्निपथ और कौशल निगम के तहत पक्की नौकरियां खत्म क्यों? भाजपा काल बना किसानों का काल क्यों? दलित, पिछड़ों की उपेक्षा और उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन क्यों? खेलों में अग्रणी हरियाणा नशे में नंबर 1 बना क्यों? गरीब, बाहरी कॉलोनीवासी और श्रमिक बदहाल क्यों? हरियाणा में शिक्षा तंत्र बर्बाद क्यों? हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का दिवालिया पीटा क्यों? बच्चों बेटियों समेत हर वर्ग को न्याय की बजाय लठियाँ क्यों? हरियाणा की अर्थव्यवस्था विकास की पटरी से उतरी क्यों? 2014 और 2019 के घोषणा पत्र को भाजपा भूली क्यों? निर्मल सिंगब ने कहा कि कांग्रेस सरकार का एक ही लक्ष्य है कि प्रदेश के नौजवान का भविष्य, किसान का सम्मान, बेटियों का मान-सम्मान, संविधान, जय जवान, जय किसान, जय संविधान का नारा बचना चाहिए।राज्य को आगे लेकर जाने की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे।

# मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

- शैमफोर्ड स्कूल में आयोजित हुआ सम्मान समारोह, शिक्षक भी बने सम्मान के हकदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



अंबाला। शिक्षकों को सम्मानित करते हुए।

शैमफॉर्ड स्कूल के प्रांगण में नारायणा टीम की ओर से मेधावी विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसमें वर्ष 2023- 2024 में कक्षा 10वीं व 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। उन्हें अपने भविष्य में विषयों का चयन सोच समझ कर करने के लिए प्रेरित किया गया। टीम का मूल उद्देश्य बच्चों को प्रेरित करना है कि वे किसी दबाव में आकर अपनी याद्दाशत दिखाने के लिए विषयों का चयन न करें बल्कि अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार विषयों का चयन कर अपना भविष्य उज्ज्वल करें क्योंकि बच्चों की जिस विषय में रुचि होगी, वह दुनिया में सफलता प्राप्त करेगा। इसमें वह बेहतर प्रदर्शन कर सकता है तथा भविष्य में भी वह उन्हीं कार्यों को उत्साह व तत्परता से पूरा कर सकता है। बच्चों की सफलता में अभिभावकों व शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान होता है। इस अवसर पर नारायण टीम ने वर्ष 2023-2024 में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों रिया 93.6 प्रतिशत , अक्षिता 91प्रतिशत, सुनिधि 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उन्हें पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों नमन शर्मा 94.2 प्रतिशत, अशमित सिंह 93.6 प्रतिशत,अद्वित्या 91प्रतिशत, मिंकल 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ उनके शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

### समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं हो रही दूर

**नारायणगढ़।** प्रदेश सरकार की ओर से आमजन मानस की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से प्रत्येक कार्य दिवस में लगाए जा रहे समाधान शिविर लोगों के लिए कल्याणकारी सिद्ध हो रहा है और वे इस अनूठी पहल की सराहना कर रहे है। समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर आने वाले लोगों की परेशानियों को एसडीएम यश जालुका द्वारा एक - एक समस्या को ध्यान पूर्वक सुन कर संबंधित विभाग के अधिकारी के माध्यम से दूर करवाया जाता है। शिविर में 16 लोगों ने समस्या रखी। मौके पर ही सभी का समाधान हो गया।



अंबाला। हाइवे से अतिक्रमण हटाते कर्मचारी।

### हाइवे के किनारे से हटाए गए अतिक्रमण, रेहड़ी फड़ी के जरिए लोगों ने जमाया था कब्जा

**अंबाला।** नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा हाइवे के किनारे से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत एनएचएआई द्वारा अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन फ्लाईओवर के नजदीक व सद्दोपुर अंबाला-कैथल हाइवे के पास अवैध रूप से खड़ी रेहड़ी फड़ी को हटाया गया। एनएचएआई के प्रवक्ता ने बताया कि विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई है । नियम अनुसार नेशनल हाईवे के राइट ऑफ वे के अंदर कोई भी स्ट्रीट वेंडर या कोई भी व्यक्ति दुकान नहीं लग सकता है। एनएचएआई द्वारा समय-समय पर यह कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई है उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगे से यदि यहां पर किसी ने अवैध रूप से रेहडी, फड़ी या अन्य तरीके से अवैध रूप से अतिक्रमण करने की कोशिश की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का चेयरमैन ने किया समाधान

- मीटिंग में सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन हरियाणा के सदस्यों की एक विशेष बैठक का आयोजन हुआ जिसमें इंजीनियर कृष्ण कुमार अध्यक्ष सफाई कर्मचारी आयोग मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। संगठन के राज्य प्रधान मुखपाल सिंह, राज्य महासचिव जसविंदर परोचा, संगठन सचिव रोमी चंद व कोषाध्यक्ष राजेंद्र ने चेयरमैन का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मीटिंग में सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछी गई और मौके पर ही समाधान किया गया। इस अवसर पर खंड से राजेंद्र जयपाल, मलखान, मिंटू, रॉकी व अनेक ग्रामीण सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।



बराड़ा। चैयरमैन का स्वागत करते हुए सफाई कर्मचारी।

# घोटालों की मद्रास आईआईटी से जांच की घोषणा झूठी

- कांग्रेस नेत्री ने पूर्व गृहमंत्री समेत राज्य सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अंबाला छावनी की सड़कों के निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री इस्तेमाल को लेकर मिल रही शिकायतों पर भाजपा सरकार सड़कों व नवनिर्मित पुलिया की जांच आईआईटी रुड़की से कराने की बात कर रही है। परंतु छावनी में पहले भी बहुत बड़े कथित घोटाले हुए हैं जिनमें सरकार ने आईआईटी की जांच के वायदे किए थे लेकिन अब तक न वो जांच की खबर है न ही कोई रिपोर्ट। ये बड़े-बड़े संस्थानों से, आधुनिक उपकरणों से जांच का दावा सरकार द्वारा अपने घोटाले और विफलता छुपाने के लिए जनता की आंख में धूल झोंकने से ज्यादा कुछ भी नहीं। उन्होंने कहा कि में कथित घोटालों का पहाड़ दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। चारों तरफ सीवरेज से लेकर सचिवालय तक हर प्रोजेक्ट में जनता के पैसे का गबन, घटिया सामाग्री के इस्तेमाल, टेंडर की शर्तों का उलंघन या अवमानना, समय सीमा का उलंघन होने की बात आम है । निर्माण हो, सौंदर्यकरण हो,नवीनीकरण हो,रखरखाव हो। . हर हेडलाइन के नीचे सिर्फ देर और अंधेर हो रहा है। 2 साल पहले भी अम्बाला छावनी के स्टेडियम में भी लगभग 68 करोड का कथित घोटाले की खबर आई थी। ये घोटाले भाजपा सरकार में पूर्व गृह मंत्री अनिल विज की नाक के नीचे हुआ था । इस मुद्दे के उठने पर भी सरकार ने मद्रास आईआईटी से जांच कराने की बात कही थी परंतु आरटीआई के माध्यम से ये पता चला था कि न तो मद्रास आईआइटी को कोई संदेश गया है न कोई उनके द्वारा जांच हुई है। न किसी और संस्थान की रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है । चित्रा ने कहा की पूर्व गृह मंत्री ने अपने विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय फुटबाल स्टेडियम में हुआ घोटाला प्रदेश का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स घोटाला है जिसमें कथित आरोपों के अनुसार 117 करोड़ में से लगभग 68 करोड़ का गबन हुआ है। इंजीनियर की ड्राइंग और टेंडर के हिसाब से स्टेडियम में 33 हजार टन लोहा लगना था। कथित माल की खरीद और जांच में पाया गया है कि मात्र 13 हजार टन ही लगा है। जरूरत से 20 हजार टन कम लोहे की बनी इमारत कितनी सुदृढ़ और सुरक्षित है।



अंबाला। एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करती चित्रा सरवारा।

# तेंदुए के हमले का शिकार हुए 5 साल के बच्चे की सेहत में हो रहा सुधार, परिवार को 55 हजार की आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

ठरवा गांव में बीते शनिवार को तेंदुए के हमले का शिकार हुए 5 साल के बच्चे की तबियत में अब सुधार हो रहा है। दीपांशु के परिजनों ने अब उस का इलाज नारायणगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुरू कराया है। दीपांशु की गर्दन पर अभी तक गहरे घाव हैं। पूर्णरूप से ठीक होने में बच्चे को समय लग सकता है। बता दें कि दीपांशु का इलाज पहले 32 सेक्टर चंडीगढ़ स्थित अस्पताल में चल रहा था लेकिन घर से अधिक दूरी पर होने के कारण उन्हें वहां से इलाज कराना काफी महंगा पड़ रहा था। परिजनों का अस्पताल में काफी ज्यादा खर्च आ गया था।इसके चलते उन्होंने घायल बच्चे को वहां से डिस्चार्ज करा नारायणगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया है। तेंदुए के हमले का शिकार हुए बच्चे के माता पिता काफी गरीब है उन्होंने मदद की गुहार लगाई थी । अब माता बाला सुंदरी मंदिर कमेटी, बाला जी निष्काम सेवा समिति व अन्य कुछ लोगों ने सरकारी अस्पताल में जाकर दीपांशु का हालचाल जाना और 40 हजार रुपये की आर्थिक मदद की गई है। कश्यप समाज द्वारा भी बच्चे के इलाज के लिए 15 हजार रुपये की आर्थिक मदद की गई। इस दौरान वहां मंदिर कमेटी सचिव अशोक राणा , रमेश सैनी, विजय मास्टर, एसपी पाहवा , रमेश राणा, रामनाथ सैनी आदि मौजूद रहे । घायल दीपांशु के माता पिता ने माता बाला सुंदरी मंदिर कमेटी व अन्य लोगों का धन्यवाद किया है।



मुलाना। बच्चे की मदद करने के दौरान उपस्थित लोग

**बच्चे की हो रही रिकवरी**

बच्चा डरा हुआ है। धीरे धीरे रिकवरी कर रहा है। शुक्रवार को बच्चे ने हल्का खाया पिया है। सिविस अस्पताल में उसे केवल नर्सिंग देखभाल दी जा रही है। इलाज 32 से जारी है।

-डॉ. प्रवीण कुमार, एसएमओ, नारायणगढ़ अस्पताल

### डांस अकादमी के बाहर से युवती मां को चकमा देकर फरार

**अंबाला।** मां के साथ डांस अकादमी में आई युवती फरार हो गई। युवती की मां ने पुलिस थाने की शिकायत सौंप बेटी की तलाश करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला कैंट के पंजाबी बाग की महिला ने बताया कि शादी के बाद से उसके पास 2 बेटी है। बड़ी बेटी की उम्र 20 साल है। जो घर से ही पढ़ाई कर रही थी। इसके साथ ही उसकी बेटी डांस स्टूडियो से डांस सीख रही थी। बीते दिन सुबह 11.50 बजे वो और उसकी बेटी घर से डांस सीखने के लिए अकादमी में गई थी। वे दोनों अंदर चले गए। यहां उसकी बेटी ने उससे कहा कि आप यहीं रुको मैं एक मिनट में आती हूं।

## सूरज कॉलेज की पायल ने निबंध लेखन में पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



- कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने जताई खुशी

हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला की ओर से राज्यस्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र में किया गया। जिसमें राज्य के अधिकांश सरकारी व निजी कॉलेजों के विद्यार्थियों में से जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता द्वारा निर्धारित हर जिले से चयनित सर्वश्रेष्ठ-10 विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जिससे विद्यार्थियों को विज्ञान विषय पर प्रदान किए गए विशेष विषय पर निर्धारित शब्दों में निबंध लिखने के लिए निर्धारित समय दिया गया, जिसमें सूरज कॉलेज की छात्रा पायल पुत्री अभिमन्यु निवासी खत्रीपुर ने पूरे हरियाणा राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने कॉलेज एंव क्षेत्र का नाम रोशन किया। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने खुशी जाहिर कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने छात्रा पायल एंव परिवार को शुभकामना दी।

### स्कूली बच्चों को बांटी लेखन सामग्री



बराड़ा। राजकीय प्राथमिक पाठशाला जलूबी के मुख्य शिक्षक मोहन परोचा ने अपनी माता की दूसरी पुण्यतिथि पर उनकी मधुर याद में अपने विद्यालय के सभी बच्चों को लेखन सामग्री वितरत की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को कहा कि कि माता-पिता की मेहनत एवं सहयोग के बल पर ही हम सबको कामयाबी का मुकाम हासिल होता है, वैसे तो कोई भी व्यक्ति जीवन भर अपने माता-पिता के कर्ज को नहीं चुका सकता। हमें उनकी मेहनत को सजदा करना चाहिए। इस अवसर पर यशपाल, नरेंद्र मोहन, हाकम सिंह, हरमेल सिंह व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005



### सीएम ने दी आर्थिक सहायता

**नारायणगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव खानपुर राजपूतान की स्वाति सैनी को एक लाख रूपए की राशि की आर्थिक सहायता दी है। सहायता राशि का डिमांड ड्राफ्ट सीएम नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने स्वाति सैनी को प्रदान किया। बता दें की सीएम द्वारा आर्थिक सहायता की यह राशि अपने पेटी ग्रांट के माध्यम से दी गई है। एक लाख रूपए की सहायता मिलने पर स्वाति सैनी ने मुख्यमंत्री तथा उनकी धर्मपत्नी का धन्यवाद किया है।

## 39 शिकायतों का समाधान, 7 पर जांच की आदेश

# शिविर में हर समस्या का हो रहा है समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर लोगों के लिए बेहद ही लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। समाधान शिविर में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही है उसका तीव्रता से निपटान किया जा रहा है । उपायुक्त शुक्रवारको जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस मौके पर उनके साथ एडीसी अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश विश्वजीत सिंह, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति, डीएसपी नरेश कुमार के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

उपायुक्त ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशानुसार शुरू से ही जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी मौजूद रहकर लोगों की समस्याएं जानकार उनका निवारण भी कर रहे हैं। शुक्रवार को शिविर में कुल 46 शिकायतें आई जिनमें से 39 शिकायतों का तत्काल निदान कर दिया गया। शेष 7 शिकायतों पर विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के आदेश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि इसके अलावा अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई व्यक्ति शिकायत लेकर उनके कार्यालय में आता है तो उस शिकायत का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें।

समाधान शिविर में पहुंचे गांव नूरपुर के लविंद्र ने बताया कि वह उसकी फैमिली आईडी में त्रुटि थी। मौके पर ही उसका समाधान हो गया। गांव रवालों के सुखविंद्र सिंह ने बताया कि वह अपने पिता का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए समाधान शिविर में पहुंचा था। उसने लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी शिकायत रखी। उसकी शिकायत का तुरंत समाधान हो गया। दोनों प्रार्थियों ने अपनी शिकायत का निवारण कुछ ही मिन्टों में होने पर खुशी जाहिर की। इस मौके पर डीएफएसई अपार तिवारी, जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल, डीआरओ योगेश कुमार, कार्यकारी अभियंता बिजली निगम के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।



अंबाला। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी डॉ. शालीन।